वर्ष- 02 अंक- 251
छपरा
28 जुलाई सोमवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## उपराष्ट्रपति के इस्तीफे पर खरगे बोले- ये धनखड़ और मोदी के बीच का मामला, वही बताएं क्या हुआ?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि उन्हें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के पीछे की असल वजह की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मामला धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच का है, इसलिए वही बताएं कि वास्तव में क्या हुआ।राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने कहा कि धनखड़ हमेशा सरकार के पक्ष में रहे और जब भी विपक्ष ने किसानों, गरीबों या विदेश नीति जैसे मुद्दों को उठाने की कोशिश की, तो उन्होंने उसे अवसर नहीं दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या किसानों के पक्ष में बोलने के कारण धनखड़ को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया, खड़गे ने कहा, ÷मुझे ये सारी बातें नहीं पता। वह (धनखड़) हमेशा सरकार के पक्ष में थे। उन्हें बताना चाहिए कि क्या हुआ?

खरगे ने कहा कि जब हमने किसानों, गरीबों, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों या विदेश नीति से संबंधित कई मुद्दे उठाए, तो उन्होंने हमें (राज्यसभा के सभापति के रूप में) कभी मौका नहीं दिया।

## नया युद्ध सिद्धांत- संयम नहीं, आक्रामक जवाब देगा भारत

### अब आतंकी हमले देश के खिलाफ युद्ध

**नई दिल्ली, ऐजंसी।** भारतीय सेना आतंकवाद और नई तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए 'नया युद्ध सिद्धांत' अपनाने की तैयारी में है। दरअसल, दशकों से सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद से लड़ाई और हाल के ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक इसका आधार बनेंगे।

नए युद्ध सिद्धांत में दर्ज होगा कि आतंकी हमले देश के खिलाफ युद्ध हैं। नॉन स्टेट एक्टर्स की आड़ में आतंक को 'स्टेट पॉलिसी' के तौर पर इस्तेमाल करने वालों से निपटने के लिए सैन्यबल 24 घंटे तैयार रहेंगे। ऐसी आक्रामक रणनीति नई युद्ध नीति का आधार होगी। सैन्य मामलों का विभाग नए युद्ध सिद्धांत के तमाम पहलुओं पर काम कर रहा है।

## एलपीजी सिलिंडर से गैस रिसाव के कारण हुए धमाके, पांच झुलसे

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून के महंत इंद्रेश अस्पताल के पीछे टपरी, पूर्वी पटेलनगर में एक घर में ब्लास्ट हुआ है, जिस में पांच लोग झुलस कर घायल हो गए है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पटेलनगर मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। मौके पर दो व्यस्क और तीन बच्चे झुलसे हुए थे, जिन्हें 108 के माध्यम से दून अस्पताल भिजवाया गया।

मौके पर फॉरेंसिक टीम व बीडीएस टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया तो प्रकाश में आया कि एक छोटे से कमरे में घायल विजय साहू अपने बच्चों सहित रहता था। रात्रि से कमरे के खिड़की दरवाजे पूरी तरह से बंद थे। उसी कमरे में खाने के गैस सिलिंडर चूल्हा लगा हुआ है, जिसमे से रात्रि से धीरे-धीरे गैस रिसाव होता रहा और सुबह 6:45 बजे के आस-पास बिजली के स्विच में लगी नंगी तार में हल्की सी स्पार्किंग होने पर कमरे में गैस में आग लग गई और धमाका हुआ, जिस कारण वे झुलस गए और एक दीवार का हिस्सा व दरवाजा भी क्षतिग्रस्त हों गया।



### मनसा देवी मंदिर हादसा :

## करंट की अफवाह से मची भगदड़, छह की मौत व 35 घायल

### मुख्यमंत्री धामी ने दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेशपांच गंभीर श्रद्धालुओं को एम्स ऋषिकेश किया रेफर

**हरिद्वार, एजेंसी।** धर्मनगरी में एक पहाड़ी पर स्थित मनसा देवी मंदिर के सीढ़ी मार्ग पर रविवार सुबह करंट फैलने की अफवाह से भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 35 लोग घायल हुए हैं। घायलों को हरिद्वार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और गंभीर रूप से घायलोंको एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया और मृतक आश्रितों और घायलों को मुआवजा देने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांचके आदेश दिए हैं। घटना के बाद हरिद्वार डीएम मयूर दीक्षित और एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के हालचाल जाने और डॉक्टरों को उचित इलाज के निर्देश दिये।वीकेंड होने के कारण भी मनसा मंदिर सहित नगर के अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। रविवार



को प्रातः9 बजे मां मनसा देवी मंदिर जाने वाले सीढ़ी मार्ग पर भारी भीड़ उमड़ी थी। कांवड़ मेला खत्म होने के बाद भी बड़ी संख्या में कांवड़िए और श्रद्धालु मंदिर में देवी के दर्शन के लिए पहुंचे हुए थे। मंदिर के मुख्य सीढ़ी पैदल मार्ग पर ज्यादा भीड़ बढ़ने के बीच करंट फैलने की अफवाह के बाद श्रद्धालुओं के बीच भगदड़ की स्थिति बन गई और सीढ़ी मार्ग पर श्रद्धालु एक दूसरे के ऊपर गिरने लगे। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से स्थिति को नियंत्रित किया।एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि सुबह 9 बजे करीब पुलिस कंट्रोल रूम को मंदिर से 100 मीटर नीचे सीढ़ी पैदल मार्ग पर भगदड़ मचने की सूचना मिली।

### मन की बात

## प्रधानमंत्री बोले- खेलो भारत नीति का लक्ष्य भारत को खेल महाशक्ति बनाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 124वें संस्करण में 'खेलो भारत नीति 2025' के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसका लक्ष्य भारत को खेल महाशक्ति बनाना है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और बेटियां इस नीति की प्राथमिकता हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि बीते दिनों मुझे कई युवा एथलीट और उनके अभिभावकों के संदेश मिले हैं। इनमें 'खेलो भारत नीति 2025' की खूब सराहना की गई है। इस नीति का लक्ष्य साफ है, भारत को खेल महाशक्ति बनाना। गांव, गरीब और बेटियां इस नीति की प्राथमिकता है।



स्कूल और कॉलेज, अब खेल को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाएंगे। खेलों से जुड़े स्टार्टअप्स, चाहे वो स्पोर्ट्स प्रबंधन हों या उत्पादन से जुड़े हों- उनकी हर तरह से मदद की जाएगी। सोचिए, जब देश का युवा खुद के बनाए रैकेट, बैट और बॉल के साथ खेलेगा, तो आत्मनिर्भरता के मिशन को कितनी बड़ी ताकत मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल, टीम स्पिरिट पैदा करते हैं। ये फिटनेस, आत्मविश्वास और एक मजबूत भारत के निर्माण का रास्ता है इसलिए खूब खेलिए, खूब खिलिए।

विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल की चर्चा कीप्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल में भारत के एतिहासिक प्रदर्शन की चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्या आप जानते हैं कि ओलंपिक के अलावा सबसे बड़ा खेल आयोजन कौन-सा होता है? इसका जवाब है- विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल। दुनियाभर के पुलिसकर्मियों, अग्निशमन कर्मियों और सुरक्षा से जुड़े लोगों के बीच होने वाली खेल प्रतियोगिता। इस बार यह प्रतियोगिता अमेरिका में आयोजित हुई और इसमें भारत ने इतिहास रच दिया। भारत ने करीब 600 मेडल जीते। हम 71 देशों में टॉप तीन पहुंचे। उन वर्दीधारियों की मेहनत रंग लाई जो दिन-रात देश के लिए खड़े रहते हैं। हमारे ये साथी अब खेल के मैदान में भी झंडा बुलंद कर रहे हैं।2029 में भारत में होगा आयोजनप्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैं सभी खिलाड़ियों और कोचिंग टीम को बधाई देता हूं। साथ ही प्रधानमंत्री ने बताया कि आपके लिए ये भी जानना दिलचस्प होगा कि 2029 में यह खेल भारत में होंगे। दुनिया-भर से खिलाड़ी हमारे देश आएंगे। हम उन्हें भारत की मेहमान-नवाजी दिखाएंगे, अपनी खेल संस्कृति से परिचय कराएंगे।

## 13 साल बाद मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे को दी जन्मदिन की बधाई



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे बंधुओं की नजदीकी लगातार बढ़ रही है। इसकी बानगी रविवार को एक बार फिर देखने को मिली जब मनसे प्रमुख राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे को जन्मदिन की बधाई देने मातोश्री पहुंचे। गौरतलब है कि राज ठाकरे करीब 13 साल बाद मातोश्री पहुंचे। शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और पार्टी सांसद संजय राउत ने मातोश्री के द्वार पर आकर राज ठाकरे का स्वागत किया। राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे को जन्मदिन की बधाई देते हुए फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया। इससे पहले राज ठाकरे साल 2012 में मातोश्री पहुंचे थे। उस वक्त उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी हुई थी, तब राज ठाकरे ने मातोश्री पहुंचकर शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे का हालचाल जाना था।

### 20 साल में दूसरी बार मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे

राज ठाकरे ने साल 2005 में शिवसेना छोड़ी थी और शिवसेना छोड़ने के बाद से आज से पहले तक राज ठाकरे सिर्फ एक ही बार मातोश्री गए थे। यही वजह है कि जब रविवार को राज ठाकरे मातोश्री पहुंचे तो महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारे में इसकी खूब चर्चा हो रही है। दोनों भाइयों की इस मुलाकात को रिश्तों में जमी बर्फ के तेजी से पिघलने के तौर पर देखा जा रहा है।

### निकाय चुनाव में साथ आने की चर्चा

महाराष्ट्र में मराठी मानुष और तीन भाषा नीति के मुद्दे पर हुई राजनीति ने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की जमीन तैयार की। एक इंटरव्यू में राज ठाकरे ने मराठी मानुष के मुद्दे पर उद्धव ठाकरे के साथ आने के संकेत दिए। जिस पर उद्धव ठाकरे ने भी सकारात्मक जवाब दिया। हालांकि इसके बाद दोनों पार्टियों की तरफ से हुई बयानबाजी से थोड़ी संशय की स्थिति बनी, लेकिन जैसे ही सरकार ने तीन भाषा नीति के अपने स्टैंड से पीछे हटने का एलान किया तो शिवसेना यूबीटी और मनसे ने इसे अपनी जीत के तौर पर पेश किया। इसके बाद मनसे और शिवसेना यूबीटी की संयुक्त रैली का एलान किया गया। 5 जुलाई को मुंबई में हुई इस रैली में 20 साल बाद दोनों भाई राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक मंच पर दिखाई दिए थे।

### बयानों से असमंजस जारी

संयुक्त रैली में साथ आने के बाद जब ऐसा लग रहा था कि दोनों भाई आगामी निकाय चुनाव में गठबंधन कर सकते हैं, तो तभी हाल ही में उद्धव ठाकरे ने एक बयान से चौंका दिया। दरअसल उन्होंने शिवसेना यूबीटी से गठबंधन के सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में गठबंधन का फैसला हालात देखकर किया जाएगा। अब राज ठाकरे के मातोश्री पहुंचने से दोनों पार्टियों के उन कार्यकर्ताओं और समर्थकों को काफी राहत पहुंची होगी, जो मनसे और शिवसेना के बीच गठबंधन चाहते हैं।

## पुणे की रेव पार्टी में पुलिस का छापा

### पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद समेत सात हिरासत में



**मुंबई, ऐजंसी।** महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक रेव पार्टी पर छापा मारकर भारी मात्रा में ड्रग्स, हुक्का और शराब बरामद की। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से के दामाद प्रांजल खेवलकर भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पुणे के एक फ्लैट पर रविवार की सुबह छापेमारी की गई।

**पुलिस ने सूचना के आधार पर मारा छापा :** पुलिस ने बताया कि उन्हें पुणे के खराडी इलाके में रेव पार्टी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने छापेमारी की। छापे के दौरान गांजा, शराब और हुक्का बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि सात लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छापे पर प्रतिक्रिया देते हुए, एकनाथ खडसे ने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि क्या पुलिस कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद तो नहीं था?

**राजनीतिक बयानबाजी शुरू:** प्रांजल, एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति हैं। रोहिणी बी राजनीति में सक्रिय हैं और एनसीपी एसपी की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष हैं। इस मामले को लेकर राजनीति शुरू हो गई है और शिवसेना (यूबीटी) की नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह छापा सरकार के खिलाफ बोलने वालों के लिए एक संदेश है।

## भारत-सिंगापुर के बीच जोधपुर में शुरू हुआ सैन्य अभ्यास बोल्ड कुरुक्षेत्र




**जोधपुर, एजेंसी।** भारत-सिंगापुर के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास बोल्ड कुरुक्षेत्र का 14वां संस्करण रविवार से जोधपुर में शुरू हुआ, जो 04 अगस्त तक चलेगा। इस अभ्यास में 4 सिंगापुर आर्मर्ड ब्रिगेड की 42 सिंगापुर आर्मर्ड रेजिमेंट और भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट भाग ले रही है।यह अभ्यास एक टेबल टॉप अभ्यास और कंप्यूटर-आधारित युद्धाभ्यास के रूप में होगा। इसका उद्देश्य यंत्रीकृत युद्ध के लिए संचालन प्रक्रियाओं को मजबूत करना है। इसका समापन भारतीय सेना के उपकरणों के प्रदर्शन के साथ होगा। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट के अधिदेश के तहत दोनों सेनाओं की अंतर-संचालन क्षमता और संयुक्त प्रशिक्षण क्षमताओं को बढ़ाना है। इससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग मजबूत होंगे।उद्घाटन समारोह में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अर्जुन गणपति भारतीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि 42वीं सिंगापुर आर्मर्ड रेजिमेंट के बटालियन कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल खिव झी यूंग सिंगापुर के पक्ष का नेतृत्व करेंगे। 340वीं (I) मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर प्रीतम और 4 सिंगापुर आर्मर्ड ब्रिगेड के कमांडर कर्नल वोंग ज़ेंग यू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।अभ्यास के दौरान 42 सिंगापुर बख्तरबंद रेजिमेंट भारतीय टुकड़ी को रेजिमेंटल ध्वज का प्रतीकात्मक हस्तांतरण भी करेगी। अभ्यास की अवधि में भारतीय गठन को कमान के औपचारिक हस्तांतरण का प्रतीक होगा। एक्सरसाइज बोल्ड कुरुक्षेत्र 2025 भारत और सिंगापुर के बीच मजबूत रक्षा संबंधों को और मजबूत करेगा तथा सामरिक और रणनीतिक दोनों स्तरों पर आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देगा।

## आयुष्मान स्कूल मिशन अब देश में लागू होगा, 26 करोड़ स्कूली बच्चों को फायदा

### 30 हजार स्कूलों में ट्रायल हो चुका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार देश के 26 करोड़ स्कूली बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत स्कूल में ही जांचने जा रही है। आयुष्मान भारत स्कूल स्वास्थ्य मिशन का पहला ट्रायल त्रिपुरा में सफल रहा है।

इसके तहत 30 पैरामीटर पर स्कूल में ही 18 साल तक के बच्चों की स्वास्थ्य मॉनिटरिंग की गई। इनमें चोट, हिंसा, बेइज्जती, असुरक्षित संबंध, मानसिक और भावनात्मक डिसऑर्डर, आक्रामकता, हड्डियों के विकार, दुबलापन-मोटापा, आंखों की रोशनी, त्वचा रोग, खून की कमी आदि की जांच-परख हुई।इससे बच्चों की समय पर काउंसलिंग और मेडिकल जांचों की राह खुली। इसलिए अब इसे देशभर में लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। हालांकि 34 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 388 जिलों के 30 हजार स्कूलों में 1.50 करोड़ बच्चों पर भी ट्रायल चल रहे हैं। इसके परिणाम आने हैं।

यह मिशन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल है, जिसे चरणबद्ध रूप से देशभर के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में लागू किया जाना है। शुरुआत छोटे राज्यों से होगी।

इन राज्यों में इसी वित्त वर्ष में लागू होगी योजना दोनों मंत्रालयों से जुड़े अधिकारियों की मानें तो कुछ छोटे राज्यों जैसे पुदुचेरी, चंडीगढ़, मेघालय और मिजोरम जैसे राज्यों में चालू वित्त वर्ष के दौरान यह योजना लागू होगी, क्योंकि इन राज्यों में स्कूलों की मैपिंग आसान है।

देशभर में इसे लागू करने से पहले कुछ तकनीकी व व्यवहारिक समस्याएं दूर की जानी हैं। जैसे- हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर नामित करने में कहीं महिला और



पुरुष शिक्षकों की पर्याप्त संख्या में कमी, वांछित उम्र (45 साल तक) का नहीं होना, वेलनेस डे (मंगलवार) का संतुलन नहीं बनना आदि।

**आयुष्मान स्कूल मिशन क्या है, 4 पॉइंट:** आयुष्मान स्कूल मिशन के तहत देशभर के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। इसमें आंखों, दांतों, त्वचा, पोषण और अन्य सामान्य रोगों की जांच शामिल होती है।प्रत्येक छात्र की एक डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड प्रोफाइल तैयार की जाती है, जिससे उसकी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ट्रैक किया जा सके। अगर किसी छात्र में कोई बीमारी या कमी पाई जाती है, तो उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल या विशेषज्ञ केंद्रों में रेफर किया जाता है, ताकि समय पर इलाज मिल सके।

# केदारनाथ यात्रा के नाम पर 1.76 लाख की ठगी:पटना से अपराधी गिरफ्तार, फर्जी वेबसाइट बनाकर करवाते थे टिकट बुकिंग

**बक्सर,एजेंसी।** बक्सर में केदारनाथ धाम और चार धाम यात्रा के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर टिकट बुकिंग के जरिए लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को बक्सर साइबर थाना की पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया है। डीएसपी, साइबर थाना, अविनाश कुमार कश्यप ने शनिवार रात लगभग 9 बजे बताया कि चार धाम यात्रा के नाम पर बक्सर जिले के कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया था।

पीड़ितों से कुल 1.76 लाख रुपए वसूले गए थे। जब लोग यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तब उन्हें पता चला कि उनके टिकट फर्जी हैं। इसके बाद पीड़ितों ने बक्सर साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान जिस बैंक खाते में ठगी की राशि ट्रांसफर की गई थी, उसके आधार पर खाते के मालिक को ट्रैक किया गया। घर में मचा कोहराम मृतक के परिवार में तीन पुत्री संजीदा, सलमा, रुखसाना, तीन पुत्र कफिरुद्दीन, गयासुद्दीन और परवेज है। छोटा बेटा परवेज रेलवे में नौकरी करता है। मंझला बेटा गयासुद्दीन ओमान में



रहकर काम करता है।20 साल पहले पत्नी की मौत हो गई थी। मौत के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। आरोपी की पहचान अमन कुमार (पिता ङ्क अरुण कुमार), ग्राम मधुबन कॉलोनी, थाना रामकृष्णा नगर, पटना के रूप में हुई है। अमन के खाते में करीब 93 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए थे। शेष राशि अन्य बैंक खातों में भेजी गई थी। पुलिस अब बाकी खातों और ठगी में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने नीतीश की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है और उसके संभावित ठिकानों की तलाशी ली जा रही है।

**कई राज्यों तक फैला नेटवर्क :** डीएसपी ने बताया कि साइबर अपराधियों का यह नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हो सकता है। अन्य सहयोगियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में पुलिस निरीक्षक विजय कुमार तिवारी और अवर निरीक्षक श्रीकांत की अहम भूमिका रही। उन्होंने तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजैक्शन की मदद से आरोपी तक पहुंचने में योगदान दिया। यह साइबर ठगी तब उजागर हुई जब पीड़ित लोग यात्रा की तारीख करीब आने पर वास्तविक टिकट की पुष्टि कराने लगे। जांच में पता चला कि वेबसाइट पूरी तरह फर्जी थी और सभी बुकिंग धोखाधड़ी से की गई थीं।

## समस्तीपुर में अमरनाथ एक्सप्रेस में डिलीवरी:महिला ने दिया बच्चे को जन्म, पति के साथ जालंधर से किशनगंज जा रही थी



**समस्तीपुर,एजेंसी।** जालंधर से किशनगंज जा रही एक महिला ने चलती ट्रेन में एक महिला बच्चे को जन्म दिया है। यात्रियों के सहयोग से उसे समस्तीपुर जंक्शन पर उतारा गया। इसके बाद सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया। बच्चे का वजन कम है। जिसके चलते हॉस्पिटल के स्पेशल चाइल्ड केयर सेंटर में एडमिट कराया गया है। फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

**डिलीवरी के लिए घर लौट रहे थे :** किशनगंज निवासी मोहम्मद कैशर आलम ने बताया कि साढू मोहम्मद सद्दाम के साथ जालंधर की एक निजी कंपनी में काम करते हैं। साली इशरत परवीन को बच्चा होने वाला था। जिस कारण तीनों वापस घर लौट रहे थे। सभी अमरनाथ एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर कर रहे थे। डॉक्टर ने सितंबर महीने में डेट दिया था। सुरक्षित डिलीवरी के लिए घर आ रहे थे। मुजफ्फरपुर पहुंचने के बाद साली को प्रसव पीड़ा हुई। टीटी को सूचना दी गई। दर्ज बढ़ने पर सहयात्रियों ने सहयोग किया। ट्रेन की बोगी में ही पर्दा बनाया। साली ने बेटे को जन्म दिया। समस्तीपुर पहुंचने पर प्लेटफॉर्म पर तैनात मेडिकल टीम ने जांच किया। बच्चा 7 माह का है। वजन सिर्फ डेढ़ किलो है। वह काफी कमजोर था। जिस कारण सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित है।

## पड़ोसी ने गला दबाकर की युवक की हत्या: मोतिहारी में शराब के नशे में किया गाली-गलौज, आरोपी फरार

**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी के छतौनी थाना क्षेत्र के बड़ा बरियारपुर वार्ड नंबर 44 में युवक की गला दबाकर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान मनोज पासवान के बेटे संटु कुमार(24) के रूप में हुई है। मनोज पासवान बाहर रहकर मजदूरी करता है। संटु खुद भी दिल्ली में रहकर किसी निजी कंपनी में काम करता था।

संटु तीन दिन पहले ही दिल्ली से अपने घर आया था। बताया जाता है कि वार्ड नंबर 44 का ही एक युवक नीतीश कुमार शनिवार की रात शराब के नशे में धुत होकर संटु कुमार के दरवाजे पर पहुंचा। वहां पहुंचकर नीतीश ने पहले संटु से गाली-गलौज शुरू किया।

**गला दबाकर युवक की हत्या :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नीतीश कुमार नशे में धुत होकर संटु के साथ गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करते हुए नीतीश कुमार जबरदस्ती संटु के घर में घुसने की कोशिश करने लगा। उसने संटु की मां पूनम देवी का बाल पकड़कर पिटाई शुरू कर दी। संटु ने जब इसका विरोध किया, तो नीतीश और भड़क उठा।




इसी बीच दोनों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। बात इतनी बिगड़ गई कि नीतीश कुमार ने आवेश में आकर संटु की गर्दन दबा दी। यह सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि कोई बीच-बचाव तक नहीं कर सका। गला दबाए जाने के बाद संटु बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाने की कोशिश की। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**पढाई छोड़कर गया था कमाने :** संटु की मौत की खबर मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर हालत बेहाल है। संटु अपने परिवार का एक ही सहारा था। वह पढ़ाई छोड़कर काम पर इसलिए गया था ताकि घर की आर्थिक स्थिति सुधर सके। पिता मनोज पासवान को घटना की जानकारी मिलते ही वह काम छोड़कर तुरंत गांव लौटने की तैयारी में हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी की तलाश जारी है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। घटना की सूचना मिलते ही छतौनी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, आरोपी नीतीश कुमार वारदात के बाद से फरार है।

## राजू हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार:बक्सर में हथियार की तलाश जारी, सड़क जाम करने पर 1000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर

**बक्सर,एजेंसी।** बक्सर के नई बाजार स्थित मठिया मोड़ पर 24 जुलाई की रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान राजू कुमार के रूप में हुई थी। मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। नगर थाना पुलिस ने मृतक के पिता बीरबल यादव के आवेदन पर 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसमें चार नामजद और दस अज्ञात शामिल हैं। अब तक तीन आरोपियों राहुल कुमार, गुड्डू कुमार और पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**पार्टी के दौरान पिस्टल से चली थी गोली :** जांच में पता चला है कि राजू यादव अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। इसी दौरान गुड्डू कुमार की पिस्टल लेकर राहुल कुमार लहराने लगा। पिस्टल के ट्रिगर दबने से गोली चल गई। गोली सीधे राजू को लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। लेकिन



मुख्य आरोपी बाद में स्वयं थाना पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने राजू को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। 25 जुलाई की सुबह उन्होंने मठिया मोड़ पर चौसा-बक्सर स्टेट हाइवे को बांस और लकड़ियों से जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई स्कूल बसें भी फंस गईं। इस जाम और उपद्रव को लेकर बक्सर सदर सीओ प्रशांत शांडिल्य ने नगर थाना में 1000 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया कि पुलिस और प्रशासन के समझाने के बावजूद लोग मानने को तैयार नहीं थे और उपद्रव करने लगे।

**हत्या और सड़क जाम मामले एफआईआर :** नगर अपर थानाध्यक्ष रमण रावत ने बताया कि हत्या और जाम, दोनों मामलों में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। हथियार बरामदगी और घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## गुप्ता धाम में कांवरिया की डूबने से मौत:सीताकुंड में स्नान करते समय पैर फिसला, गहरे पानी जाने से डूबे



**सासाराम, रोहतास,एजेंसी।** सासाराम के चेनारी थाना क्षेत्र स्थित गुप्ता धाम में जलाभिषेक करने आए एक कांवरिया की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कोड़ना गांव निवासी प्रदुमन कुमार के रूप में हुई है। वह अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ गुप्ता धाम में जलाभिषेक करने पहुंचा था। घटना उस समय हुई जब प्रदुमन सीताकुंड में स्नान कर रहे थे। स्नान के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गए। काफी मशक्कत के बाद उनका शव निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया गया।

**दोस्तों के साथ गुप्ता धाम आया था :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि प्रदुमन अपने दोस्तों के साथ गुप्ता धाम मंदिर में दर्शन करने आया था। मंदिर जाने से पहले वह सीता कुंड में स्नान कर रहा था। अचानक पानी बढ़ जाने से वह बह गया और चट्टान से टकराने के कारण उसकी मौत हो गई। चिनारी थाना के माध्यम से मृतक का शव नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के बाद उसके दोस्तों को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि गुप्ता धाम जाने का रास्ता पहाड़ और जंगल से होकर गुजरता है जो काफी दुर्गम है। सावन के महीने में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इससे पहले भी कई कांवरियों की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिला प्रशासन को ऐसे स्थानों पर अधिक पुलिस बल तैनात करना चाहिए और झरने के आसपास न जाने की अपील करनी चाहिए ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

## भोजपुर में दीवार से नीचे गिरने से बुजुर्ग की मौत:निर्माणाधीन घर में पानी डाल रहे थे, सिर में चोट लगने से गई जान

**आरा( भोजपुर ),एजेंसी।** भोजपुर में निर्माणाधीन दीवार से नीचे गिरने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक की पहचान संदेश गांव निवासी मो. अलाउद्दीन अंसारी(60) के तौर पर हुई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के नजीरगंज मोहल्ले की है। रिश्तेदार मो. अख्तर आलम ने बताया कि अलाउद्दीन अंसारी कुछ दिन पहले नजीरगंज मोहल्ले में जमीन खरीदा था। उसी जमीन पर मकान बनवा रहे थे। निर्माणधीन दीवार पर पानी डाल रहे थे। इस दौरान असंतुलित होकर दीवार से नीचे गिर पड़े। गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद परिवार के सदस्य सदर अस्पातल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिर में चोट लगने से जान चली गई।

## बांका में बस ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर:पति की मौत, पत्नी गंभीर; स्कूल से घर लौट रहे थे दोनों

**बांका,एजेंसी।** बांका के कटोरिया थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम एक तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।मृतक की पहचान चांदन थाना क्षेत्र के चांदन बाजार गांधी चौक निवासी रविंद्र मंडल(60) के रूप में हुई है। वहीं उनकी पत्नी हेमंती देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह अपनी शिक्षिका पत्नी हेमंती देवी को बाइक से घर ले जा रहे थे। तभी कटोरिया-सुईया मुख्य मार्ग के तरपतिया के पास यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी



कि दंपती सड़क किनारे जा गिरे। घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घायलों को तुरंत कटोरिया अस्पताल लाया गया। डॉ विनोद कुमार ने जांच करने के बाद रविंदर मंडल को मृत घोषित कर दिया। हेमंती देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**स्कूल से घर लौट रहे थे दोनों:** परिजनों ने बताया कि हेमंती देवी चांदन प्रखंड में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। रोजाना उनके पति उन्हें बाइक से लाने-ले जाने का काम करते थे। शनिवार की शाम भी वे चांदन से घर लौट रहे थे कि यह हादसा हो गया। थानाध्यक्ष अरविंद राय ने बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है। शव को कब्जे रही है।

## मुंगेर न्यायालय में कार्य समय के बाद हुई विशेष सुनवाई

**मुंगेर,एजेंसी।** मुंगेर में न्यायालय की नियमित कार्य अवधि समाप्त होने के बाद भी शाम 5:45 बजे प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुमार पंकज (अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम) ने विशेष सुनवाई की। न्यायालय ने कासिम बाजार थाना कांड संख्या 119/2025 में नंदकिशोर यादव एवं अन्य तथा बबीता कुमारी द्वारा कुर्की-जब्ती के विरुद्ध दायर आवेदन पर सुनवाई की। न्यायालय ने अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं के साथ-साथ कासिम बाजार थानाध्यक्ष की दलीलें सुनीं। इस मामले में आदेश देने की तिथि सोमवार निर्धारित की गई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रंजनी कांत झा ने बताया कि अभियुक्त पप्पू यादव उर्फ राकेश कुमार रंजन एवं गौतम कुमार का दक्षिणी शास्त्री नगर में कोई चल-अचल संपत्ति नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद थानाध्यक्ष कासिम बाजार न्यायालय को गुमराह कर कुर्की-जब्ती का आदेश प्राप्त करना चाहती हैं। पूर्व में न्यायालय के आदेश पर सदर अंचलाधिकारी ने अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया था कि अभियुक्तों का दक्षिणी शास्त्री नगर में किसी प्रकार की कोई संपत्ति नहीं है। अपनी संपत्ति की रक्षा के लिए नंदकिशोर यादव, अन्य लोगों और बबीता कुमारी ने न्यायालय में आवेदन दिया था। इसी आवेदन पर न्यायालय की नियमित कार्यवाही समाप्त होने के बाद शाम को विशेष सुनवाई की गई।

## जहानाबाद में लगा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन:किसानों और आम लोगों को मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी, स्कूली बच्चों को भी होगा फायदा

**जहानाबाद,एजेंसी।** जहानाबाद के मौसम का सटीक हाल अब आसानी से मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने जहानाबाद के घोसी प्रखंड स्थित भारथू गांव में ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन स्थापित किया है। यह बिहार का 45वां ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन है। इस वेदर स्टेशन से जहानाबाद के नागरिकों और किसानों को मौसम का ताजा हाल मिलता रहेगा। साथ ही, पड़ोसी जिला गया और सीमावर्ती जिलों के लोग भी जहानाबाद के मौसम की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस मशीन से बारिश, तापमान, हवा की दिशा और नमी की



मात्रा की सटीक जानकारी मिलेगी। भारथू निवासी और मौसम विभाग के पूर्व निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र पटना द्वारा स्थापित इस स्टेशन में ऑटोमैटिक रेन गेज यूनिट लगाई गई है। यह जिले की पहली ऐसी मशीन है जिससे मौसम संबंधी जानकारी स्वचालित रूप से मिलती रहेगी।

**स्थानीय मौसम की मिलेगी जानकारी :** भारथू उच्च विद्यालय के इंचार्ज दुर्गेश कुमार ने बताया कि इस मशीन से आम लोगों को स्थानीय मौसम की जानकारी मिलेगी। किसानों को कृषि कार्य करने में सहूलियत होगी। विद्यालय में स्थापित होने से छात्रों को भी मौसम विज्ञान के बारे में सीखने का अवसर मिलेगा। वे हवा की दिशा, तापमान और वर्षा के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस वेदर स्टेशन की स्थापना से जहानाबाद और आसपास के क्षेत्रों में मौसम की सटीक भविष्यवाणी संभव हो पाएगी। इससे किसानों को फसल की बुवाई और कटाई के लिए उचित समय का चयन करने में मदद मिलेगी। साथ ही आम नागरिकों को भी अपनी दिनचर्या नियोजित करने में सहायता मिलेगी।

## नाले में बह रहा अवैध स्लॉटर हाउस से निकला खून:दानापुर छावनी ने बंद किया नाला, ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**दानापुर, पटना,एजेंसी।** दानापुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 13 के लाल कोठी में अवैध रूप से बिना लाइसेंस के स्लॉटर हाउस चल रहा है। यहां से बड़े पशुओं का खून नाले में बहाया जा रहा था। संक्रामक फैलने की आशंका को देखते हुए छावनी परिषद प्रशासन ने अस्पताल मोड के पास बने नाले को ईट-पत्थर से बंद कर दिया है।

इस कारण अब नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है और नाला ओवरफ्लो हो गया है। जानकारी के अनुसार, छावनी परिषद प्रशासन 2020 से लेकर अब तक एसडीओ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और थानाध्यक्ष को कई बार पत्र लिखकर रिहायशी क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे स्लॉटर हाउस को बंद करने की मांग कर चुका है।

लाल कोठी कसाई टोला में बने स्लॉटर



हाउस से बड़े जानवरों का खून नाले में बहाया जाता है। यह रक्त अस्पताल मोड होते हुए देवननाला से होकर गंगा नदी में जाता है, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है।

**कैदियों-पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य पर खतरा :** छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बताया कि नाले से बहने वाला खून उपकारा के पीछे से होकर देवननाला में गिरता है। इससे उपकारा में बंदियों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि छावनी क्षेत्र में हजारों सुरक्षाबल रहते हैं और उनके स्वास्थ्य एवं सफाई को देखते हुए नाला बंद किया गया है।

**शिकायत के बाद बंद किया नाला :** स्थानीय निवासी सुजीत कुमार ने बताया कि पहले इस क्षेत्र में बड़े पशुओं को काटा जाता था और उनका खून नाले में बहाया जाता था। इसकी शिकायत छावनी परिषद में कई बार की गई थी, जिसके बाद परिषद ने नाला बंद कर दिया है।

इस क्षेत्र में हजारों लोग रहते हैं, जिनके घरों का गंदा पानी इसी नाले में गिरता है। नाला अचानक बंद होने से स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई वर्षों से इस वार्ड का नाले का पानी छावनी क्षेत्र में बने नाले में जाता रहा है।

# सारण के सपूत सीआरपीएफ के जवान गुलाब चंद पांडेय को मिला वीरता पदक

**झारखंड के खूंटी में 5 नक्सलियों को ढ़ेर कर लिखी थी शौर्य गाथा**

देवेन्द्र कुमार सिंह।

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** बिहार के बहादुर बेटे अपने पराक्रम से प्रदेश का नाम और मान बढ़ा रहे हैं. ऐसे हीं एक पराक्रम के लिए सारण जिले के रहनेवाले और सीआरपीएफ में कार्यरत जवान गुलाब चंद पांडेय को वीरता पुरस्कार से नवाजा गया है. जवान गुलाब चंद को झारखंड के खूंटी में पांच नक्सलियों को ढ़ेर करने को लेकर यह वीरता पुरस्कार दिया गया है. जिले के एकमा प्रखंड अंतर्गत खूटकढ़वां गाँव निवासी नारायण पांडेय (जिन्हें छोटे बाबू के नाम से भी जाना जाता है) के सुपुत्र और सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जांबाज व बहादुर जवान कांस्टेबल गुलाब चंद पांडेय को उनकी अदम्य वीरता और असाधारण साहस के लिए आज दिल्ली में वीरता पदक से सम्मानित किया गया. यह प्रतिष्ठित सम्मान



उन्हें दिल्ली के बसंत कुंज स्थित शौर्य में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत के गृह सचिव श्री गोविंद मोहन जी द्वारा प्रदान किया गया. विदित हो कि जवान गुलाब चंद पांडेय ने 29 जनवरी, 2019 को झारखंड के खुंटी जिले में एक दुर्दांत अभियान को अंजाम दिया था, इस ऑपरेशन के दौरान गुलाब चंद ने साथियों के साथ मिलकर पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के 5 खूंखार नक्सलियों को मार गिराया था. जवान गुलाब चंद को इसी अदम्य वीरता के लिए यह पुरस्कार दिया गया.

### देशभर के 14 जवानों में सारण का सपूत गुलाबचंद का नाम शामिल

सारण के लिए गर्व की बात है कि इस वर्ष देश भर में कुल 14 जवानों को वीरता पदक से नवाजा गया जिनमें सारण जिले के इकलौता जांबाज जवान गुलाब चंद पांडेय शामिल हैं, जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है. यह उपलब्धि सारण हीं नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है. उनके इस पराक्रम की खबर से जिले भर में खुशी और उत्साह का माहौल है.

### बधाई देने वालों का लगा तांता

जवान गुलाब चंद पांडेय को वीरता पदक मिलने की खबर जैसे हीं पहुंची, उनके पैतृक गांव खूटकढ़वां सहित पूरे जिले में बधाई देने वालों का तांता लग गया. स्थानीय नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम जनता ने उन्हें और उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं है. बधाई देने वालों में मुख्य रूप से चंदन कुमार दुबे और चंद्र भूषण पांडेय, विनय पांडेय, जनसुराज नेता देवकुमार सिंह, विकास कुमार सिंह समेत समस्त क्षेत्रवासी शामिल रहे. सभी ने गुलाब चंद पांडेय की बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा और देश सेवा के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण की जमकर सराहना की. उनकी यह उपलब्धि युवा पीढ़ी के लिए एक बड़ी प्रेरणा के रूप में उभरी है, जो उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी.

## इंदिरा आवास योजना में धांधली करने का आरोप

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** सदर प्रखंड के रायपुर विंदगावां पंचायत के ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत कर पंचायत के मुखिया, आवास सहायक पर इंदिरा आवास योजना में धांधली करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने डीएम को दिए आवेदन में बताया कि मुखिया आवास योजना के चयन में लापरवाही बरतने हुए हमारी राशि किसी और को दे दी गई है।। ग्रामीणशुशीला देवी, शीला देवी,रविन्द्र राय सहित अन्य ग्रामीणों ने डीएम से इस मामले की जांच अपने स्तर से कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध मे सदर बीडीओ बिनोद आनंद ने बताया कि राशि भेजने के क्रम मे गलती से राशि दुसरे के खाते मे चली गई है और इस मामले मे आवास सहायक से शो कॉज किया गया है दो दिनो के अंदर संबंधित लाभुक के खाते मे राशि भेज दी जाएगी।

## ईंट भट्ठा पर छापेमारी में 10 लीटर देशी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने घोरहट मठिया के समीप स्थित ईट भट्ठा पर छापेमारी में 10 लीटर देशी शराब बरामद किया तथा बड़ी मात्रा में शराब बनाने के लिए रखे गए जावा एवम एक हजार लीटर पास सहित शराब बनाने वाले अन्य उपकरण को नष्ट कर दिया है। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि घोरहट मठिया गांव के समीप स्थित एक चिमनी पर देशी शराब तैयार की जा रही है। सूचना पाकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चिमनी पर छापेमारी करके 10 लीटर देसी शराब बरामद किया तथा जावा को नष्ट कर दिया। इस संबंध में चिमनी मलिक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** छपरा बलिया रेलखंड पर मांझी नए रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक ब्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी व्यक्ति छपरा शहर के साढा मठिया निवासी गुलाम नबी का पुत्र छोटू मिस्त्री बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी व्यक्ति बलिया से छपरा जंक्शन हेतु ट्रेन से जा रहा था। इसी बीच कतिपय कारणों से असंतुलित होकर वह ट्रेन से मांझी के प्लेटफार्म पर गिर गया। स्टेशन पर तैनात रेलकर्मी तथा स्थानीय लोगो ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एम्बुलेंस भेज कर उसे मांझी सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती करा दिया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने उसे चुपके चुपके अपने साथ लेकर चले गए।

## भूमि दान कर समाजसेवा की मिसाल बन रही हैं पुष्प लता देवी

**सरकार को जमीन दान देने के लिए डीएम से लगाई गुहार**

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** मुझौना पंचायत के नगवा गांव निवासी पुष्प लता देवी उर्फ उगम देवी ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए अपनी निजी भूमि का एक तिहाई हिस्सा बिहार सरकार को दान देने का निर्णय लिया है। इस आशय का आवेदन उन्होंने सारण जिला पदाधिकारी को भेजा है।अपने आवेदन में उन्होंने लिखा है कि उनके नाम से दर्ज जमीन का एक तिहाई भाग, जो कुछ विशिष्ट प्लॉट नंबरों के अंतर्गत आता है, वे बिहार सरकार को सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से दान में देना चाहती हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि वे चाहती हैं कि यह जमीन भूमिहीन या अत्यंत गरीब परिवारों को आवास निर्माण में उपयोग हो, जिससे उन्हें एक स्थायी छत मिल सके।पुष्प लता देवी ने यह भी अनुरोध किया है कि दान प्रक्रिया में लगने वाले किसी भी प्रकार के सरकारी शुल्क या राजस्व को माफ किया जाए, ताकि वे इस कार्य को बिना किसी आर्थिक बोझ के पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य से उन्हें आत्मिक शांति और संतोष की अनुभूति होगी।उनकी इस पहल को लेकर गांव और पंचायत स्तर पर सराहना हो रही है। लोग कह रहे हैं कि ऐसे उदाहरण समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस नेक पहल पर कितनी त्वरित और संवेदनशील प्रतिक्रिया देता है।

## गांव के तीन महिलाओं पर पत्नी-बेटे को फुसलाकर ले जाने का आरोप

**पीड़ित ने देह व्यापार में धकेलने की जताई आशंका**

दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)। नगवां गांव निवासी इंदल राय की जिंदगी में उस वक्त तूफान आ गया जब उनकी पत्नी और 11 वर्षीय पुत्र अचानक घर से लापता हो गए। पत्नी के बिना बताए चले जाने से चिंतित इंदल राय ने पहले रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।तलाश के बाद भी जब पत्नी-बच्चे का कुछ पता नहीं चला, तो इंदल राय ने गांव की तीन महिलाओं – गुड़िया देवी, दुर्गा देवी और प्रमिला देवी – पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इन तीनों ने मिलकर उनकी पत्नी और बेटे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। इंदल राय ने यह भी दावा किया कि ये महिलाएं अवैध धंधों में लिप्त हैं और उन्हें आशंका है कि उनकी पत्नी को देह व्यापार में धकेलने के इरादे से अगवा किया गया है।उन्होंने बताया कि गुड़िया देवी और दुर्गा देवी सगी बहनें हैं और पूर्व में भी गुड़िया देवी देह व्यापार के मामले में जेल जा चुकी हैं। तीसरी महिला प्रमिला देवी दिघवारा थाना क्षेत्र के इसमईला गांव की निवासी हैं और उनके भी इस अवैध नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है।पीड़ित ने इस मामले की शिकायत दरियापुर थाना, सारण के पुलिस अधीक्षक और न्यायालय में दर्ज कराई है। उन्होंने प्रशासन से अपनी पत्नी और बच्चे की सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपित महिलाओं की तलाश जारी है।

## ओवरलोड पिला बालू लदी एक ट्रैक्टर जप्त

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।**ओवरलोड पिला बालू लदी एक ट्रैक्टर को जप्त मांझी थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के ताजपुर पुल के समीप से रविवार की सुबह ओवरलोड पिला बालू लदी एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया कि रविवार की सुबह ताजपुर पुल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था उसी क्रम में पिला बालू लदा एक ट्रैक्टर को रोका गया तथा चालक से चालान सहित कागजात की मांग की गई। तो चालक चालान नही होने की बात बताई। तथा मौके का फायदा उठाकर भाग निकला। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा भी किया पर पकड़ में नही आ सका। जिसके बाद ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है। तथा इसकी सूचना खनन पदाधिकारी को दी गई। खनन पदाधिकारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## धूपनगर गांव के वार्ड संख्या 5 में सड़क पर जलजमाव से लोगों का जनजीवन प्रभावित



**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।**प्रखंड क्षेत्र के धूपनगर धोबवल पंचायत के धूपनगर गांव में वार्ड संख्या 5 की मुख्य सड़क पर वर्षों से जलजमाव की समस्या बनी हुई है.अधूरा नाला निर्माण और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर नाले का पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोग काफी परेशान हैं.स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहले नाले का पानी बगल के गड्ढे में चला जाता था, लेकिन अब वह स्थान अतिक्रमण के कारण पूरी तरह कब्जे में है.इस कारण पानी की निकासी बाधित हो गई है और सड़क पर दो सौ मीटर तक पानी जमा है.लोगों ने बताया कि इस मार्ग से होकर विद्यालय, मस्जिद, मदरसा और अन्य जरूरी स्थानों तक जाना पड़ता है, लेकिन जलजमाव के कारण आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है. वार्ड नंबर 5 और 6 को जोड़ने वाली यह सड़क हजारों लोगों के लिए मुख्य मार्ग है, लेकिन जलजमाव के कारण यह जगह गंदगी और दुर्गंध से भरी पड़ी है.ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि आते हैं, आश्वासन देते हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ.इस समस्या को लेकर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मंटू कुमार यादव, वार्ड सचिव इकबाल आलम, डॉक्टर हसनैन आलम, सनाउल्लाह अंसारी, सद्दाम हुसैन (उप मुखिया), आरिफ अली, इमरान, सोहेल, हरिशंकर कुमार, गयासुद्दीन, खुर्शीद आलम, मुर्तुजा अंसारी, इरफान आलम, आशिफ अली, कैफ, सेराज, मुन्ना, गुड्डू, जुबैर, तालीम अंसारी, एकालक अंसारी, नीरज मांझी, अमरनाथ मांझी और जितेंद्र मांझी सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है.स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे मजबूरन सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे ।

## दहेज हत्या में मृत लड़की पटना से जिंदा बरामद

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)**।पुलिस ने दहेज हत्या में मृत लड़की को पटना से जिंदा बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में भेल्दी थाना क्षेत्र के सिरसाबली निवासी तेरस साह ने दहेज के लिए अपनी पुत्री को प्रताड़ित कर हत्या कर देने का मुकदमा छपरा न्यायालय में दर्ज कराया था। जिसमें लड़की के ससुराल डोरीगंज थाना क्षेत्र के रसुलपुर निवासी व लड़की के पति सोनु कुमार समेत उसके 12 परिजनों को हत्या का अभियुक्त बनाया था। लेकिन पुलिस अपने अनुसंधान के दौरान 6 वर्ष के बाद लड़की को पटना जिले के केबड़ा, पुनपुन ओपी से जिंदा बरामद किया है। जिसे थाने के एस आई रबीन्द्र पाल लेकर डोरीगंज पहुंचे। जहां से उसे छपरा न्यायालय में 164 के बयान के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद लड़की को तीन संतान भी है और वहां वह दूसरे लड़के के साथ शादी करके अपना जीवन व्यतीत कर रही थी। लड़की के परिजनों के दबाव के बावजूद भी पुलिस नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं कर अनुसंधान में लगी रही। जिससे निर्दोष परिवार के सदस्य जेल नहीं गए।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम प्रेरणादायक है- सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।**प्रधानमंत्री जी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम को अपने जलालपुर स्थित आवास पर सैकड़ो लोगों के साथ सुनते हुए महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने इसे प्रेरणादायक विचारों से ओत प्रोत बताया।उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हर कार्यक्रम राष्ट हित तथा जनसरोकार से जुड़ा होता है।प्रधानमंत्री जी ने अपने रेडियो कार्यक्रम में कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया।उन्होंने भारत की उपलब्धियां की चर्चा की।कार्यक्रम के शुरू में शुभांशु शुक्ला का जिक्र किया।उन्होंने कहा कि उनकी अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई।पूरा देश गर्व से भर गया। उन्होंने बताया कि अगस्त 2023 में चंद्रयान 3 की सफलता से देश मे एक नया माहौल बना है।उन्होंने इंस्पायर मानक अभियान की जानकारी दी। खुदीराम बोस और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया।उन्होंने अगस्त महीने के महत्व के बारे में भी बताया।सांसद सिग्रीवाल ने 124 वे रेडियो एपिसोड की प्रमुख बातों को उपस्थित लोगों के बीच में बताया। मौके पर जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह भाजपा राज्य परिषद सदस्य हेमनारायण सिंह,मकेश्वर सिंह, उमेश तिवारी, रामाशंकर मिश्रा शांडिलय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी,शिवाजी सिंह, धर्मेंद्र समाज,मुखिया फणींद्र सिंह,पंकज सिंह विजय सिंह मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरुदक्षिणा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सांसद सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## बेरूई से कांवरियों का जत्था देवघर बाबाधाम के लिए रवाना

**बबुआन कांवरिया संघ के बैनर तले श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद की यात्रा शुरू**



**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर।** बनियापुर प्रखंड के ग्राम बरूई से कांवरियों का जत्था देवघर बाबाधाम के लिए रवाना हो गया है। बबुआन कांवरिया संघ के बैनर तले यह जत्था यात्रा पर निकला है। यात्रा शुरू करने से पहले श्रद्धालुओं ने गांव के गौरीशंकर मंदिर और आसपास के मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इसके बाद बोलबम के नारों के साथ वे सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए।यह कांवड़ यात्रा भक्ति और उत्साह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस यात्रा में भक्त गंगाजल लेकर बाबा धाम जाते हैं। वे ÷बोल बम÷ के जयकारे और ÷हर हर महादेव÷ का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ते हैं। सुल्तानगंज से जल उठाकर सभी कांवरिए पैदल देवघर बाबाधाम जाएंगे और वहां जलाभिषेक करेंगे।सावन के महीने की शुरुआत के साथ ही बोल बम के जयकारे हर जगह गूंजने लगे हैं। आधुनिक समय में भक्ति का स्वरूप भी बदल रहा है। अब भक्त पारंपरिक स्तुति और नाचारी के साथ-साथ पॉप और रॉक म्यूजिक की धुन पर भक्ति गीत भी सुनाने लगे हैं।जत्था में शामिल राजू सिंह ने बताया कि उनका यह जत्था हर साल बाबाधाम जाता है। नरेंद्र सिंह ने कहा कि वे बाबा से गांवों में सुख-शांति बनाए रखने की कामना करते हैं। पूर्व मुखिया और पैक्स अध्यक्ष पिरोटा खास के मनोज सिंह ने बताया कि उनका जत्था लोगों के कल्याण के लिए यात्रा करता है। इस जत्थे में सोनू सिंह, अभिनाश सिंह, भाजपा युवा नेता धीरज सिंह, अरविंद सिंह, मनोज सिंह, पंकज सिंह आदि भी शामिल हैं।

## आईपीएस अशोक सिंह के पुत्र की रिंग शिरोमणि में शामिल हुए मंत्री, सांसद समेत कई गणमान्य नागरिक

**दैनिक खोज खबर/पटना।** वरिष्ठ आईपीएस अशोक सिंह के बेटा सिद्धार्थ का रिंग शेरोमणि उत्सवी माहौल में संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने मांगलिक अवसर पर पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। जानकारी के अनुसार आईपीएस श्री सिंह के पुत्र के की शादी पूर्व मंत्री सुभाष सिंह के पुत्री ब्यूटी कुमारी से हो रही हैं, उक्त कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,ए मंत्री सुनील कुमार, सांसद संजय जायसवाल, पूर्व विधायक मिथलेश तिवारी, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, भाजपा नेता सुमंत कुमार, मोनू सिंह, रविंद्र यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।



## फैन्सी क्रिकेट मैच में राजेंद्र कॉलेज ने रामजयपाल कॉलेज को दी मात



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** फैन्सी क्रिकेट मैच में राजेंद्र कॉलेज ने रामजयपाल कॉलेज को 44 रनों से हराया। रविवार को रामजयपाल कॉलेज के खेल मैदान में दोनों कॉलेजों के बीच 15-15 ओवर का क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। जिसमें दोनों कॉलेज के युवा प्राध्यापकों ने भाग लिया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजेन्द्र कॉलेज की टीम ने 15 ओवर में 127 रन का स्कोर बनाया। जवाब में रामजयपाल की टीम 83 रन के कुल स्कोर पर ऑल आउट हो गई। शानदार प्रदर्शन के लिए राजेंद कॉलेज के शिक्षक डॉ. विशाल सिंह को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। जिन्होंने नाबाद 38 रन की पारी खेली। राजेन्द्र कॉलेज टीम में डॉ शदाब हाशमी, डॉ देवेशरंजन, डॉ विशाल सिंह, डॉ अब्दुल रशीद, डॉ सुनील प्रसाद, डॉ विकास कुमार, डॉ कुमार गौरव आदि शामिल थे। वही रामजयपाल कॉलेज टीम में डॉ राकेश यादव, डॉ शिवम, डॉ अजीत पाल, डॉ राहुल कुमार, डॉ श्यान, डॉ राजीव कुमार ,गुलसन, अभिषेक आदि शामिल थे। मैच के उपरांत दोनों टीमों ने कहा कि स्वास्थ्य एवं मनोरंजन के उद्देश्य से ऐसे फ्रेंडली मैच आगे भी आयोजित होंगे।

## हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का आमसभा चुनाव सम्पन्न, बिहार से ब्रजकिशोर शर्मा बने उपाध्यक्ष




### भारतीय ओलम्पिक संघ के ऑब्जर्वर की देखरेख में दिल्ली में हुआ चुनाव

**दैनिक खोज खबर/ पटना।**हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का 2025 -28 के लिए चुनाव रविवार को दिल्ली में आयोजित वार्षिक आमसभा की बैठक में सम्पन्न हुआ। जिसमें ऑब्जर्वर के रूप में भारतीय ओलंपिक संघ से मंजीत सिंह जबकि रिटर्निंग ऑफिसर रिटायर्ड अधीक्षक एम डी यूनिवर्सिटी रोहतक की मौजूदगी रही। नए सत्र के लिए हुए चुनाव में बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा लगातर दूसरी बार उपाध्यक्ष चुने गए। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के नई कमिटी में प्रीतपाल सिंह सलुजा पुनः महासचिव बने , जबकि अध्यक्ष पद पर महेश चौहान चंडीगढ़ चुने गए। वरीय उपाध्यक्ष झारखण्ड के प्रदीप बालमुचु , कोषाध्यक्ष डॉ गुरुचरण सिंह गिल सहित 15 सदस्यीय कार्यकरिणी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। बिहार से ब्रजकिशोर शर्मा को फेडरेशन के उपाधयक्ष चुने जाने पर बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानन्द राय , अध्यक्ष पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, आलोक कुमार, गोपाल जी, डॉ आर पी साहू, नवादा जिला हैंडबॉल अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ,पटना जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष इंजीनियर अशोक कुमार सिंह, विनय कृष्ण, रौशन सिंह धोनी, चन्दन कुमार, रितेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, राधा कुमारी सहित अन्य ने बधाई दी है।

# बूथ जीतो चुनाव जीतो- देवेशकान्त सिंह



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रविवार को गोरेयाकोठी विधानसभा का कार्यशाला गोरेयाकोठी के भाजपा विधायक देवेश कान्त सिह के आवास पर सम्पन्न हुईद्य विधायक श्री सिंह ने विधानसभा के पदाधिकारियों के वृत्त लेने के प्रत्येक पंचायतों में 25 सदस्यीय कमिटि गठित कर संगठन को मजबूत करने को कहा। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक देवेश कान्त सिह ने पंचायत के बूथ अध्यक्षो से वृत्त लेने के बाद संगठन को और सशक्त धारदार, मजबूत बनाने की चर्चा की द्य बूथों पर पार्टी बीएलए-2 सरकार के बीएलओ के साथ संपर्क स्थपित कर वोटर को नाम जोड़ने में सहयोग करे द्य बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों पर व्हाट्स एप ग्रुप बनाना, सूचना तंत्र को मजबूत करना, पन्ना प्रमुख बनाना, केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को पन्ना प्रमुख के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का प्रयास हो, भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसकी सरकार केवल जनता के लिए ही समर्पित रहती है द्य भाजपा के कार्यकर्ता पांच साल संगठन के लिए काम करते है लेकिन हम कभी कभी अपनी सूचना तंत्रों को बूथों तक पहुंचाने में कमजोर पड़ जाते है जिसके कारण हम उस बूथ पर कमजोर हो जाते है इसलिए पांच माह कमर कस के बूथों पर जाकर काम करे द्य सरकार तथा विधायक की विकास की उपलब्धियों की जानकारी दे और ताकि वह बूथ हमारा मजबूत हो और उस बूथ पर चुनाव जीते द्य बैठक में सिवान पूर्वी के जिला अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने सोशल मीडिया और संगठन की विस्तार पर चर्चा की द्य बैठक में सिवान जिला पूर्वी अध्यक्ष रंजीत कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी संतोष पाठक, राजीव रंजन पांडेय, विधान सभा विस्तारक सुदीप पांडेय, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद अमित कुमार, विधानसभा विधान प्रभारी सह जिला महामंत्री काली चरण प्रजापति , जिला पालक विनय कुमार गिरी, अखिलानंद सिह, कुबेर प्रसाद कुशवाहा, गोरेयाकोठी दक्षिणी मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी, सत्येंद्र सिह, अमरनाथ शर्मा, मृत्युंजय सिह, जितेन्द्र सिह, नन्हे ठाकुर, लालबहादुर पर्बत, अनिल पांडेय, उपेन्द्र शाह, वसी अहम्मद खा, ब्रजेश सिह, उमेश तिवारी, लीलावती देवी, कुशम देवी, कमलावती देवी, करिश्मा शर्मा, भिखारी सिह, चन्दन राम, राजेश्वर शाह, बिनोद सिह, रंजीत भारती, राजेश सिह, मनोज सिह, राजीव रंजन सिह, राजा अहम्मद, नवल सिह, छोटेलाल शाह, पीयूष श्रीवास्तव, प्रशांत चौधरी, नीरज गुप्ता, बब्लू सिह, दीपक पटेल, विजय गुप्ता, अरविंद सिह, प्रकाश सिह, महेश सिह, रामेश्वर मांझी, यशवंत सिह, नागेंद्र पंडित, बीपीन बिहारी सिह, राजू राम, मुन्ना मिश्रा अमरजीत सिह, राजन सिह, शम्भु नाथ सिह, अजित कुमार , पीयूष सिह, प्रियांस दुबे, धनंजय पांडेय, गुडू प्रसाद, अशोक शाह, प्रमोद सिह, उमेश प्रसाद, रवि पासवान, राम विनोद कुँवर, राजेन्द्र पांडेय, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

# युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ जोड़ना भी विकास है- सेंगर



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** युवाओं को गलत कार्यों से हटाकर शिक्षा और खेल-कूद की ओर प्रेरित करना भी राजनीतिक विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जब युवा गलत रास्ते पर जाने के बजाय शिक्षा और खेल जैसी सकारात्मक गतिविधियों में संलग्न होते हैं, तो इससे न केवल उनका व्यक्तिगत विकास होता है, बल्कि समाज और देश का भी विकास होता है। उक्त बातें विकास संकल्प यात्रा में रिविलगंज के विजय राय के टोला में भाजपा नेता शैलेन्द्र सेंगर ने लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि इसी सोच को ध्यान में रख हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेलो इंडिया जैसे आयोजन को देश के सामने लाते हैं। यही सोच सांसद राजीव प्रताप रूड़ी को प्रेरित करता है कि सारण के युवाओं के लिए एक बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट करवा रहे हैं। इसी सोच को मैं भी लेकर आगे बढ़ने का प्रयत्न कर रहा हूं। जब युवा सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त होते हैं तो वे अपराध, नशाखोरी, जुआ और अन्य गलत कार्यों से दूर रहते हैं। स्वस्थ और शिक्षित युवा एक मजबूत और प्रगतिशील समाज का निर्माण करते हैं।उन्होंने कहा कि युवाओं का विकास देश के विकास की नींव है। जब युवा सकारात्मक रूप से योगदान करते हैं, तो देश आगे बढ़ता है। इसलिए, युवाओं को गलत कार्यों से हटाकर शिक्षा और खेल-कूद की ओर मोड़ना एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है जो न केवल व्यक्तिगत रूप से, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी विकास को बढ़ावा देता है। छपरा में इसी प्रयास को लेकर मैं चल रहा हूं।इसके अलावा खेल-कूद सामाजिक संबंधों को प्रभावित करने के साधन के रूप में भी उपयोगी है। खेल-कूद सामाजिक और सांस्कृतिक मतभेदों को पार कर लोगों को एक साथ ला सकती है। इस अवसर पर उमाकांत पाण्डेय, अखिलेश सिंह, राकेश सिंह , प्रियरंजन कुशवाहा, गामा सिंह, संजीव सिंह, कुंदन सोनी, भोला सिंह, सुधीर सिंह और जितेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रुद्राभिषेक में लीन हुए शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस. सिद्धार्थ, बेटियों के नेत्र-प्रशिक्षण की सराहना की



- **श्रद्धा, सेवा व शिक्षा का संगम बना मस्तीचक का गायत्री शक्तिपीठ**
- **शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने की आध्यात्मिक साधना**

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जिले के मस्तीचक स्थित गायत्री शक्तिपीठ रविवार को आध्यात्मिक ऊर्जा व समाज सेवा के अद्भुत संगम का केंद्र बन गया। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ अपने परिवार संग यहां पहुंचे और बाबा पं. रमेश चंद्र शुक्ल की पुण्यतिथि पर आयोजित नौ दिवसीय शिष्य शिरोमणि संत महोत्सव के दूसरे दिन विधिवत रुद्राभिषेक में भाग लिया। डॉ. सिद्धार्थ के साथ उनकी पत्नी डॉ. एन. विजयालक्ष्मी, पुत्री तथा अन्य परिजन भी उपस्थित थे। शक्तिपीठ परिसर में वे लगभग चार घंटे रहे और इस दौरान अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम के दौरान श्रीराम शर्मा आचार्य, मां गायत्री और नवप्राण प्रतिष्ठित शिवलिंग की पूजा वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न हुई। यह अनुष्ठान काशी से आए आचार्य मनीष तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार एवं पुजारी विकास शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ।डॉ. सिद्धार्थ ने गायत्री शक्तिपीठ की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह केवल आध्यात्मिक केंद्र नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला प्रेरणास्त्रोत बन गया है। उन्होंने विशेष रूप से बेटियों को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जा रहे प्रशिक्षण की सराहना की और कहा कि अन्य संस्थानों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर सारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, डीईओ कार्यालय के अमित कुमार, अस्पताल के वरीय प्रबंधक अमित कुमार, विकास सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ चिटू सिंह, ओमप्रकाश सिंह तथा मुख्य ट्रस्टी मृत्युंजय कुमार उर्फ मुन्ना तिवारी समेत कई गणमान्य जन उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि यह आयोजन श्रद्धा, सेवा व शिक्षा के त्रिवेणी संगम का प्रतीक बनकर क्षेत्रवासियों ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

